# न्यायालय भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, बेरमो (तेनुघाट)।

छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम की धारा 46(1).(क)/(ख)के अंतर्गत

**परमिशन वाद सं0 234 वर्ष 2024**

| | |
|---|---|
| आवेदक– दुखनी देवी | केता– राजेन्द्र कुमार |
| ग्राम– पोटसो | ग्राम– पोटसो |
| थाना– नावाडीह जिला–बोकारो | थाना– नावाडीह जिला–बोकारो |

| आदेश की क0 सं0 तारीख 01 | आदेश एवं पदाधिकारी का हस्ताक्षर 02 | आदेश पर की गई कार्रवाई के बारे में टिप्पणी तारीख का 03 |
|---|---|---|
| 29/3/25 | | |

## आदेश

यह वाद **आवेदक–दुखनी देवी पति–स्व0 शुकदेव महतो, वर्तमान निवास पता ग्राम–पोटसो, थाना–नावाडीह, जिला–बोकारो** के द्वारा छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम की धारा 46(1)/(ख) के अंतर्गत निम्नांकित जमीन, विवरणी निम्नवतः–

| मौजा | थाना न0 | खाता न0 | प्लॉट सं0 | कुल रकबा | बिकी रकबा | भूमि दर्जा |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **पोटसो** | **46** | **40** | **643** | **06 डी0** | **06 डी0** | **धान खेत, वर्तमान स्वरूप खेत** |
| | | | **644** | **18 डी0** | **09 डी0** | |

को वे आवश्यक कार्य हेतु मो0 1,50,000/–(एक लाख पचास हजार) रूपये में केता–**राजेन्द्र कुमार पिता–दुर्गा प्रसाद का मूल एवं वर्तमान पता ग्राम–पोटसो, थाना–नावाडीह, जिला–बोकारो** के साथ बिकी करने की अनुमति हेतु समर्पित आवेदन के आधार पर आरम्भ किया गया तथा छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम की धारा 46(1).(ख) के तहत आवेदन पत्र को पंजीकृत करते हुए आम सूचना निर्गत की गई, तथा इस कार्यालय के पत्रांक 1290/रा0, दिनांक 23.12.2024 के माध्यम से अंचल अधिकारी नावाडीह से जॉच प्रतिवेदन की मॉग की गई।

निर्धारित अवधि तक किसी के द्वारा प्रस्तावित भूमि की अनुमति प्रस्ताव के विरूद्ध कोई आपत्ति प्रस्तुत नहीं की गई। प्रस्तावित भूमि की बिकी अनुमति के संबंध में अंचल अधिकारी नावाडीह के पत्रांक–227, दिनांक–18.03.2025 से वांछित जॉच प्रतिवेदन प्राप्त हुआ, जिसमे उनके द्वारा उल्लेख किया गया हैं कि:–

01. बिक्रेता एवं क्रेता दोनों कुरमी(महतो) जाति के सदस्य हैं जो अत्यंत पिछडी जाति वर्ग के अतर्गत आते हैं। बिक्रेता एवं क्रेता दोनों एक ही थाना एवं जिला–बोकारो के निवासी हैं।
02. बिक्री की जाने वाली भूमि का सर्वे खतियान में पोचन कुरमी वगै0 के नाम से दर्ज हैं तथा सरकारी अभिलेख पंजी–II के पृष्ठ सं0 67/IV में सुखदेव महतो तथा पंजी–II के पृष्ठ सं0 95/II में बिक्रेता के सास इन्द्रमनी देवी वगै0 के नाम से जमाबंदी दर्ज है एंव लगान रसीद वर्ष 2023–24 एवं वर्ष 2024–25 निर्गत हैं। जमाबंदी कायम होने का आधार केवाला हैं।
03. जमाबंदीधारी रैयत से बिक्रेता का संबंध पति एवं सास का है। बिक्री की जाने वाली भूमि बिक्रेता के हक व हिस्से के अतंर्गत आता है एंव बिक्रेता का दखल कब्जा में हैं।
04. प्रस्तावित भूमि भू–हदबन्दी, भूदान, सैरात, वन भूमि, सी0सी0एल0 अधिग्रहित क्षेत्र से बाहर हैं।

उनके द्वारा बिक्रेता को प्रस्तावित भूमि की बिकी करने की अनुमति हेतु अनुशंसा के साथ प्रतिवेदन को अग्रसारित किया गया हैं।

दोनों पक्ष न्यायालय में उपस्थित हुए। दोनों पक्षों का ब्यान दर्ज किया गया। बिक्रेता द्वारा अपने बयान में बतलाया गया हैं कि आवेदनाकिंत जमीन सर्वे खतियान मेंपोचन कुरमी वगै0 के नाम से दर्ज हैं तथा सरकारी अभिलेख पंजी–II के पृष्ठ सं0 67/IV में सुखदेव महतो तथा पंजी–II के पृष्ठ सं0 95/II में बिक्रेता के सास इन्द्रमनी देवी वगै0 के नाम से जमाबंदी दर्ज है एंव लगान रसीद

वर्ष 2023–24 एवं वर्ष 2024–25 निर्गत हैं। बिकी वाली जमीन उसके हक हिस्से की हैं जिसे आवश्यकता वश बेच रहे हैं।

केता का कहना है कि उन्होने प्रस्तावित जमीन का देखा है। उक्त जमीन कोई विवाद नहीं हैं, तथा वर्तमान में आवेदक के शांति पूर्ण दखल कब्जे में हैं।

उभय पक्ष अपने पक्ष निम्नांकित कागजात/दस्तावेज प्रस्तुत करतें हैः–

01. बिक्रेता– केवाला की छायाप्रति हैं, लगान रसीद का छायाप्रति, आवासीय प्रमाण की छायाप्रति, जाति प्रमाण की छायाप्रति एवं स्वयं के नाम आधार कार्ड की छायाप्रति ।

02. क्रेता– आवासीय प्रमाण की छायाप्रति, जाति प्रमाण की छायाप्रति एवं स्वयं के नाम आधार काड की छायाप्रति ।

दोनो पक्षों का ब्यान सुनने, उनके द्वारा समर्पित कागजातों एवं अंचल अधिकारी नावाडीह से प्राप्त जॉच प्रतिवेदन से यह स्पष्ट होता है कि बिक्रेता एवं क्रेता दोनों कुरमी(महतो) जाति के सदस्य हैं जो अत्यंत पिछडी जाति वर्ग के अतर्गत आते हैं। बिक्रेता एवं क्रेता दोनों एक ही थाना एवं जिला के निवासी हैं। आवेदित भूमि बिक्रेता के हिस्से की जमीन है, जो बिक्रेता को केवाला दस्तावेज सं0–6481 दिनांक 23.02.1992 तथा केवाला सं0 2481 दिनांक 24.08.2000 खरीदगी से प्राप्त है तथा हासिल है जिसे वे आवश्यकता वश बेचना चाहते हैं।

अतः आवेदक–**आवेदक–दुखनी देवी पति–स्व0 शुकदेव महतो, वर्तमान निवास पता ग्राम–पोटसो, थाना–नावाडीह, जिला–बोकारो** को निम्नांकित भूमिः–

| मौजा | खाता न0 | प्लॉट सं0 | कुल रकबा | बिकी रकबा | उ0 सीमा | द0 सीमा | पू0 सीमा | प0 सीमा |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **पोटसो 46** | **40** | **643** | **06 डी0** | **06 डी0** | **भीम महतो** | **बुधन महतो** | **निज क्रेता** | **श्यामलाल साव** |
| | | **644** | **18 डी0** | **09 डी0** | **परनी देवी** | **बुधन महतो** | **निज क्रेता** | **श्यामलाल साव वाके है** |
| | | | कुल | 15 डी0 (पंद्रह डिसमिल जमीन मात्र) | | | | |

मो0 165,000/–(एक लाख पैसठ हजार) रूपये या जिला अवर निबंधक बोकारो द्वारा निर्धारित नवीनतम भूमि मूल्यांकित राशि में जो अधिक हो, की दर से केता–**राजेन्द्र कुमार पिता–दुर्गा प्रसाद का मूल एवं वर्तमान पता ग्राम–पोटसो, थाना–नावाडीह, जिला–बोकारो** के साथ बिकी करने की अनुमति प्रदान की जाती हैं।

इसके साथ ही इस वाद की कार्यवाही समाप्त की जाती हैं। इस आदेश से उभय पक्षों को अवगत करावें।

लेखापित एंव संशोधित।

**भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता**
**बेरमो (तेनुघाट)।**

**भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता**
**बेरमो (तेनुघाट)।**

Digitally signed by Mukesh Machhuwa
Date: 2025.08.18 13:33:52 +05:30
Location: 10.93.6.142